समाचार

# हर घर तिरंगा महारैली का आयोजन 14 अगस्त को

## (घंटाघर ओपन थियेटर से निकलेगी महारैली, जिला प्रशासन ने आमजन से की अपील, महारैली में भाग लेकर दें अपनी सहभागिता )




कोरबा 12 अगस्त 2025 – हर घर तिरंगा – 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों की अगली कड़ी में 14 अगस्त को शाम 03 बजे '' हर घर तिरंगा महारैली '' का आयोजन घंटाघर ओपन थियेटर में किया गया है। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे तथा महापौर, जिला

पंचायत अध्यक्ष व जनप्रतिनिधिगण आयोजन में अपनी विशिष्ट उपस्थिति प्रदान करेंगे, जिला प्रशासन ने आमनागरिकों से अपील की हैं कि वे अधिकाधिक संख्या में इस महारैली में भाग लेकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग के दिशा निर्देशन में कोरबा जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में '' हर घर तिरंगा – 2025 '' कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जा रहा है। निगम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने बताया कि '' हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग '' की थीम पर आयोजित किए जा रहे इस महाअभियान की अगली कड़ी में 14 अगस्त शाम 03 बजे से कोरबा के घंटाघर ओपन थियेटर में हर घर तिरंगा महारैली का आयोजन किया जाएगा, इस आयोजन में प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे, वहीं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवनकुमार सिंह सहित पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण आयोजन अपनी विशिष्ट उपस्थिति प्रदान करेंगे। महारैली आयोजन में जिले के सभी अधिकारी कर्मचारीगण, छात्र–छात्राएं व आमनागरिकगण महापौर में शामिल होकर अपनी सहभागिता देंगे। जिला प्रशासन द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महारैली में शामिल हों, अपने घरों व दुकानों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएं एवं '' स्वच्छता के संग, स्वतंत्रता का उत्सव '' मनाएं।

**स्वयंसेवक बन हर घर तिरंगा का फैलाएं उत्साह** – जिला व निगम प्रशासन द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे सबसे बड़े इस राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन के गौरवशाली स्वयंसेवक बने तथा हर घर तिरंगा का उत्साह फैलाएं, लोगों को एकजुटता के सूत्र में बांधे, उन्हें घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करें तथा तिरंगा के साथ अपनी सेल्फी हर घर तिरंगा डाट कॉम पर अपलोड करें। स्वयंसेवक बनने के लिए हर घर तिरंगा डाट कॉम पर विजिट करें, बिकम ए बालेटियर पर क्लिक करें, विवरण दर्ज करें, तत्पश्चात रजिस्टर पर क्लिक करें।